संख्या- 143 /2025/ 1010 /चार-2025-1912175

प्रेषक,

उमा द्विवेदी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभागः लखनऊः दिनांक 28 मार्च, 2025

विषय- शहीदी दिवस के आयोजन हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया अपने पत्र संख्या-6017/सं0नि0-15(156)/2024-25, दिनांक 23 मार्च, 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू जी के शहीदी दिवस के अवसर पर आजादी का अमृत काल के अन्तर्गत दिनांक 23 से 29 मार्च, 2025 की अवधि में 'रग दे बसन्ती' कार्यक्रम मदर सेवा संस्थान एवं दस्तक मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कराया जाना प्रस्तावित करते हुए, उक्त कार्यक्रम में निम्नानुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम पर होने वाले व्यय विवरण की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया हैः-

क्र0 सं0	दिनांक	विधा	कलाकार समन्वयक का नाम	कुल मानदेय (यात्रा व्यय सहित)
1	02.03.2025	देश भक्ति गायन संध्या ''जिद्दी धुन''	अमित श्रीवास्तव	30,000.00
			महेन्द्र पाल सिंह	30,000.00
			सीमा कौर	30,000.00
		नृत्य नाटिका	श्री पुनीत मित्तल	40,000.00
		लाइव पेंटिंग (कैनवास पर) टीम द्वारा	The Art Villege हिमांशु शुक्ला	30,000.00
		शहीद परिसर कला झांकियां सेल्फी पाइंट	आशीष तोमर	30,000.00
2	24.03.2025 से 28.03.2025	शहीदों पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी ''जरा याद करो कुर्बानी'' क्विज आदि, कविता, स्लोगन, विभिन्न कालेजों में	वीणा राना	70,000.00
			राजा उपाध्याय	25,000.00
3	27.03.2025	शहीद आ़जम नाटक का मंचन-ए	मदर सेवा संस्थान	50,000.00
		रंगमंच दिवस एवं स्वतंत्रता आन्दोलन पर चर्चा	हिमांशु शर्मा	30,000.00
4	28.03.2025	कवि सम्मलेन ओपन माइक/मुशयरा	मुज़म्मिल	30,000.00
			श्वेता त्रिपाठी (उड़ान संस्था)	30,000.00
		किस्सागोई मल्टीमीडिया	समीना अख्तर	30,000.00
			उपासना	30,000.00
5	29.03.2025	काकोरी: 100 वर्ष नाटक (भगत सिंह दौर)	रवि पी मिश्र	75,000.00
		सम्मान पुरस्कार एवं समापन/ क्रांतिकारियों के परिजनों से संवाद	जान्हवी	30,000.00
			पीयूष मिश्रा	30,000.00
		समस्त संचालन	करण कश्यप	30,000.00
		कार्यक्रम समन्वय (2000/- प्रतिदिन प्रति समन्वयक)	दीपक संगीता	28,000.00
		प्रचार-प्रसार पर व्यय (होर्डिंग्स, बैनर, स्टैण्डी कार्ड इत्यादि) -		50,000.00
			कुल अनुमानित बजट	7,28,000.00

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संस्कृति निदेशालय के प्रस्ताव के क्रम में शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू जी के शहीदी दिवस के अवसर पर आजादी का अमृत काल के अन्तर्गत दिनांक 23 से 29 मार्च, 2025 की अवधि में 'रंग दे बसन्ती' कार्यक्रम के आयोजन पर होने वाले अनुमानित व्यय **रू0 7,28,000.00 (रूपये सात लाख अट्ठाइस हजार मात्र)** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रस्तर-3 में उल्लिखित शर्तों/ प्रतिबन्धों के अधीन धनराशि अवमुक्त करने की अनुमति श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते है:-

3. <u>शर्तें/ प्रतिबन्ध :-</u>

(1) स्वीकृत धनराशि के आहरण/ व्यय एवं अन्य कार्यवाहियों में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024 दिनांक 04 मार्च, 2024 में दिये गये दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(2) निदेशक, संस्कृति निदेशालय, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य न तो पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/ कार्यक्रम से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

(3) उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों का मानदेय एवं आवागमन भत्ता शासनादेश दिनांक 27.12.2022 में निहित व्यवस्थानुसार किया जायेगा।

(4) उक्त स्वीकृत धनराशि का भुगतान वास्तविक बिल/ बाउचर्स के आधार पर किया जायेगा।

(5) समस्त कार्यों का भौतिक सत्यापन कर निर्धारित मानकों का अनुपालन करते हुए नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(6) उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा।

(7) उक्त स्वीकृति इस प्रतिबंध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृत धनराशि आवंटित मदों पर व्यय की जायेगी, व्यय की अन्य मदों हेतु कदापि उपयोग नहीं किया जायेगा।

(8) संबंधित संस्था/ कलाकार द्वारा उपलब्ध कराये गये बिल बाउचर के परीक्षणोपरान्त स्वीकृत धनराशि को संस्थान के बैंक खाते में समयान्तर्गत भुगतान कराने की कार्यवाही संस्कृति निदेशालय द्वारा कराते हुए यथाशीघ्र शासन को सूचित किया जायेगा।

(9) उक्त धनराशि निदेशक, संस्कृति निदेशालय के निवर्तन पर है, अत: बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व संस्कृति निदेशालय का होगा। वित्तीय स्वीकृति का आदेश संस्कृति निदेशालय द्वारा बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही निर्गत किया जायेगा।

(10) धनराशि व्यय करने में समस्त वित्तीय नियमों का पालन सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त धनराशि को व्यय किये जाने में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी एवं वर्तमान में प्रभावी मितव्ययिता संबंधी शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

4. उक्त धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक के अनुदान सं0-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-800-अन्य व्यय- 13-आजादी का अमृत काल महोत्सव- 42-अन्य व्यय मद में उपलब्ध धनराशि से किया जायेगा।

5. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024 दिनांक 04 मार्च, 2024 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या- 143 /2025/ 1010 (1)/ चार-2025-1912175, तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. प्रधान महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
4. वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
5. मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
6. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।